DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा - मुख्य परीक्षा

(Download) UPSC Mains 2018 General Studies Question Paper:

सामान्य अध्ययन-III (प्रौद्योगिकी,आर्थिक विकास, जैव-विविधता, पर्यावरण, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन)

Exam Name: UPSC IAS Mains General Studies (Paper-3)
Year: 2018

---

1. “वहनीय (एफोर्डेबल), विश्वसनीय, धारणीय तथा आधुनिक ऊर्जा तक पहुँच संधाराणीय (सस्टेनबल) विकास लक्ष्यों (एस० डी० जी०) को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है.” भारत में इस सम्बन्ध में हुई प्रगति पर टिप्पणी कीजिए. (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
2. केन्द्रीय बजट, 2018-19 में दीर्घकालिक पूँजी अभिलाभ कर तथा लाभांश वितरण कर के सम्बन्ध में प्रारम्भ किये गए महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर टिप्पणी कीजिए. (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
3. न्यूनतम समर्थन मूल्य से आप क्या समझते हैं? न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषकों का निम्न आय फंदे से किस प्रकार बचाव करेगा? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
4. फलों, सब्जियों और खाद्य पदार्थों के आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन में सुपरबाजारों की भूमिका की जाँच कीजिए. वे बिचौलियों की संख्या को किस प्रकार खत्म कर देते हैं? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy:UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

5. प्रो. सत्येन्द्र नाथ बोस द्वारा किये गए 'बोस-आइन्सटाइन सांख्यिकी' के कार्य पर चर्चा कीजिए और दर्शाइए कि इसने किस प्रकार भौतिकी के क्षेत्र में क्रान्ति ला दी. (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
6. निरंतर उत्पन्न किये जा रहे फेंके गए ठोस कचरे की विशाल मात्राओं का निस्तारण करने में क्या-क्या बाधाएं हैं? हम अपने रहने योग्य परिवेश में जमा होते जा रहे जहरीले अपशिष्टों को सुरक्षित रूप से किस प्रकार हटा सकते हैं? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
7. आर्द्रभूमि क्या है? आर्द्रभूमि संरक्षण के सन्दर्भ में 'बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग' की रामसर संकल्पना को स्पष्ट कीजिए. भारत से रामसर स्थलों के दो उदाहरणों का उद्धरण कीजिए. (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
8. सिक्किम भारत में 'जैविक राज्य' है. जैविक राज्य के पारिस्थितिकी एवं आर्थिक लाभ क्या-क्या होते हैं? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
9. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे(सी० पी० ई० सी०) को चीन की अपेक्षाकृत अधिक विशाल 'एक पट्टी एक सड़क' पहल के एक मूलभूत भाग के रूप में देखा जा रहा है. सी० पी० ई० सी० का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत कीजिए और भारत द्वारा उससे किनारा करने के कारण गिनाइए. (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
10. वामपंथी उग्रवाद में अधोमुखी प्रवृत्ति दिखाई दे रही है, परन्तु अभी भी देश के अनेक भाग इससे प्रभावित हैं. वामपंथी उग्रवाद द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों का विरोध करने के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए. (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए) 10 Marks
11. भारत में नीति आयोग द्वारा अनुसरण किये जा रहे सिद्धांत इससे पूर्व के योजना आयोग द्वारा अनुसरित सिद्धांतों से किस प्रकार भिन्न हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
12. विश्व व्यापार में संरक्षणवाद और मुद्रा चालबाजियों की हाल की परिघटनाएँ भारत की समष्टि-आर्थिक स्थिरता को किस प्रकार से प्रभावित करेंगी? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
13. बाग़वानी फार्मों के उत्पादन, उसकी उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करने में राष्ट्रीय बाग़वानी मिशन (एन० एच० एम०) की भूमिका का आकलन कीजिए. यह किसानों की आय बढ़ाने में कहाँ तक सफल हुआ है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
14. गत वर्षों में कुछ विशेष फसलों पर जोर ने सस्यन पैटर्नों में किस प्रकार परिवर्तन ला दिए हैं? मोटे अनाजों (मिलटों) के उत्पादन और उपभोग पर बल को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए. (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
15. क्या कारण है कि हमारे देश में जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्यधिक सक्रियता है? इस सक्रियता ने बायोफार्मा के क्षेत्र को कैसे लाभ पहुँचाया है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy:UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

16. ऊर्जा की बढ़ती हुई जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में क्या भारत को अपने नाभकीय ऊर्जा कार्यक्रम का विस्तार कर जारी रखना चाहिए? नाभकीय ऊर्जा से सम्बंधित तथ्यों एवं भयों की विवेचना कीजिए. 15 Marks
17. भारत में जैव विविधता किस प्रकार अलग-अलग पाई जाती है? वनस्पतिजात और प्राणिजात के संरक्षण में जैव विविधता अधिनियम, 2002 किस प्रकार सहायक है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
18. भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डी० आर० आर०) के लिए 'सेंडाई आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रारूप (2015-2030)' हस्ताक्षरित करने से पूर्व एवं उसके पश्चात् किये गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए. यह प्रारूप 'ह्योगो कार्रवाई प्रारूप, 2005' से किस प्रकार भिन्न है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
19. अंकीयकृत (डिजीटाइज्ड) दुनिया में बढ़ते हुए साइबर अपराधों के कारण डाटा सुरक्षा का महत्त्व बहुत बढ़ गया है. जस्टिस बी.एन. श्रीकृष्णा समिति रिपोर्ट में डाटा की सुरक्षा से सम्बंधित मुद्दों पर सोच-विचार किया गया है. आपके विचार में साइबर स्पेस में निजी डाटा की सुरक्षा से सम्बंधित इस रिपोर्ट की खूबियाँ और खामियाँ क्या-क्या हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks
20. संसार के दो सबसे बड़े अवैध अफीम उगाने वाले राज्यों से भारत की निकटता ने भारत की आंतरिक सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है. नशीली दवाओं के अवैध व्यापार एवं बन्दूक बेचने, गुपचुप धन विदेश भेजने और मानव तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के बीच कड़ियों को स्पष्ट कीजिए. इन गतिविधियों को रोकने के लिए क्या-क्या प्रतिरोधी उपाय किये जाने चाहिए? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 15 Marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy:UPSC

सत्यमेव जयते

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

(डाउनलोड) UPSC (IAS) Exams Papers
आईएएस परीक्षा पेपर in Hindi Medium

- **यूपीएससी आईएएस (प्री) सामान्य अध्ययन परीक्षा (पेपर - 1)**
- **यूपीएससी आईएएस (प्री) CSAT (पेपर - 2)**

Click Here to Download
डाउनलोड

CLICK HERE FOR ALL IAS HINDI Medium PAPERS

http://iasexamportal.com/hindi/papers

6WXG\ 0DWHULDOIRU,$6 836& *HQHUDO6WXGLHV3UH &XP 0DLQV &RPER	(QJOLVK	
836& ,$6 35(*6 &6$7 6ROYHG3DSHUV 7HVW6HULHV	(QJOLVK	
836& - -J æ/ n- C ø ð C ¥ 1— &RPER 6WXG\ .LW	+LQGL	
6WXG\ 0DWHULDOIRU,$6 3UHOLP V *6 3DSHU &6$7 3DSHU	(QJOLVK	
6WXG\ .LWIRU,$6 3UH *(1(5$/ 678',(6 3DSHU *6	(QJOLVK	
6WXG\ .LWIRU,$6 3UH &6$7 3DSHU $SWLWXGH	(QJOLVK	
3XEOLF $GPLQLVWUDWLRQ 2SWLRQDOIRU836& 0DLQV	(QJOLVK	
- -J æ/ *6 n- C ø 1— 3UH 8	. = 1	
çé ð ð 1 9 n-C. ø 1— 8	. = 1	
* LWWRI 1&(57 6WXG\ .LW) RU836& ([DP V	(QJOLVK	
31ð 1 1—ø8. ð ð 1é ç 1æ/ - d1	. = 1	
&203/(7(678'< 0$7(5,$/)25 ,$6 35(/,06 (;$0	(QJOLVK	
&203/(7(678'< 0$7(5,$/)25 ,$6 35(0$,16 ,17(59,(: (;$0	(QJOLVK	
836& ,$6 . . 8- 1— C3 Jæ/ - d1 n- C ø ¥ —ý -	. = 1	

x